श्री राम मूर्ति स्मारक
इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली
(श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट, बरेली द्वारा संचालित)

Chief Patron	Patron	Patron	Organizing Secretary	Co-organizing Secretary
Shri Dev Murti	Dr. R.C. Purohit	Mr. Aditya Murti	Dr. Amresh Agarwal	Dr. Shashi Kant V
Chairman	Principal	Director Administration	Dr. Deep C. Pant	Dr. Abhishek Shukla
SRMS-IMS	SRMS-IMS	SRMS-IMS	SRMS-IMS	SRMS-IMS

Cardiology Update - 2017

दिनांक : 27.03.2017

प्रेस विज्ञप्ति

सेवा में,

श्रीमान सम्पादक महोदय

महोदय,

श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेंज, बरेली के **''जनरल मेडिसिन विभाग''** **(Department of General Medical)** द्वारा नैनीताल में दो दिवसीय सी0एम0ई0 25 एवं 26 मार्च 2017 **"CARDIOLOGY UPDATE-2017"** का आयोजन किया गया। यह सी0एम0ई0 उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड क्षेत्र की एक अनूठी सी0एम0ई0 थी जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से ख्याति प्राप्त वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग से सम्बन्धित विभिन्न बीमारियों जैसे– Coronary Arteries Disease, Heart Failure and Arrhythmia etc. एवं उनके उपचार एवं निदान पर अपने अनुभव एवं इस क्षेत्र में हो रही नित नवीनतम तकनीकों एवं अनुसंधानों के बारे में व्याख्यान भी प्रस्तुत किये गये। इस सी0एम0ई0 में लगभग 75 से भी अधिक हृदय रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया।

सी0एम0ई0 का उद्घाटन विधिवत रूप से सी0एम0ई0 के आयोजक सचिव डा0 अमरेश अग्रवाल एवं डा0 दीप पन्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया था। उन्होंने अवगत कराया कि इस सी0एम0ई0 का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में हृदय रोग से सम्बन्धित नित नवीनतम अनुसंधानों को जानकारी साझा करना तथा रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराना था।

इस अवसर पर फोर्टिस एस्कार्ट हास्पिटल, नई दिल्ली से आयीं डा0 अपर्णा जसवाल ने आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में ई0सी0जी0 की बारीकियों की जानकारी दी एवं इसके महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया साथ ही उन्होंने हृदयघात होने एवं इसकी रोकथाम एवं उपचार में नवीनतम तकनीक के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

सर गंगाराम हास्पिटल, नई दिल्ली से आये डा0 भुवनेश कांडपाल ने Management of Acute Coronary Syndrome (ACS) patients के बारे में नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी

साथ ही ACS रोगियों में जोखिम के कौन–कौन से स्तर हो सकते हैं, के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।

एसआरएमएस हास्पिटल के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डा0 आर मधोक द्वारा हॉर्ट की जांच में सी0टी0 कार्डियक एंजियोग्राफी कितनी कारगर है, के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने यह भी बताया कि सी0टी0 कार्डियक एंजियोग्राफी के माध्यम से मरीज की जांच बिना किसी तकलीफ के की जाती है तथा भविष्य में इसके महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की।

संस्थान के वरिष्ठ हृदय रोग सर्जन डा0 शशिकान्त ने कम से कम रक्त स्राव द्वारा होने वाली आधुनिकतम हृदय रोग सर्जरी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

सी0एम0ई0 के सफल आयोजन के लिए आयोजन सचिव डा0 दीप पन्त द्वारा सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजनों में अपना सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा के साथ सी0एम0ई0 का समापन किया गया।

(मीडिया प्रभारी)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
डा0 अमरेश अग्रवाल
मे0 9458702236